हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in*

क्रमांक / 615 / गोप. / 2022 दुर्ग, दिनांक 06 / 05 / 2022

प्रति,

प्राचार्य
समस्त संबद्व महाविद्यालय,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषय :– सत्र 2021–22 के स्नातक / स्नातकोत्तर द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर के प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में।

विषयान्तर्गत सत्र 2021–22 की स्नातक / स्नातकोत्तर द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर के प्रायोगिक विषयों की प्रायोगिक परीक्षाएं दिनांक **14-05-2022** से **25-05-2022** तक संपन्न किया जाना हैं। प्रायोगिक परीक्षा ऑफलाईन माध्यम में छोटे–छोटे समूहों में उसी दिवस में आयोजित होगी। प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परिक्षार्थियों के उपस्थिति पत्रक एवं अंक प्रेषण हेतु निर्धारित प्रारुप विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://durg.ucanapply.com** में ऑनलाईन दिनांक **14-05-2022** से उपलब्ध होगें, जिसे पोर्टल में लॉगिन कर डाउनलोड कर प्रिंटआउट प्राप्त कर लेवें। प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात् महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रायोगिक परीक्षा के अंक दर्ज कर बाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक यथास्थान हस्ताक्षरित करें तथा अंक पोर्टल में ऑनलाईन दर्ज करें। तत्पश्चात **Submit** कर **Lock** करें, **Lock** होने के पश्चात् प्रायोगिक अंक में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। प्रायोगिक परीक्षा संपन्न होने की तिथि में ऑनलाईन अंक दर्ज किया जाना अनिवार्य हैं।

बाह्य परीक्षकों द्वारा जिस पत्रक में ऑफलाईन अंक पेन से दर्ज किये जायेगे, उसे पर्ण (**Foil**) एवं पोर्टल में ऑनलाईन अंक दर्ज करने के पश्चात किये गये प्रिंट आउट को प्रतिपर्ण (**Counter Foil**) माना जायेगा।

उपरोक्तानुसार ऑनलाईन अंक दर्ज करने के पश्चात प्रिंट आउट प्राप्त कर लेंवे एवं बाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक के हस्ताक्षरोपरांत सील बंद लिफाफे विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में दिनांक **06-06-2022** तक अनिवार्यतः जमा करेंगे। प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि एवं समय की जानकारी आदि के संबंध में परीक्षार्थियों को अनिवार्यतः सूचित करें, ताकि सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।

टीपः– प्रायोगिक परीक्षा ऑनलाईन पोर्टल खुलने पर ही संपन्न किया जाना सुनिश्चित करें।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

पृ. क्रमांक / 616 / गोप. / 2022 दुर्ग, दिनांक 06/ 05 / 2022

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति महोदया के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव महोदय के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in*

क्र. 613/गोप./2022 दुर्ग, दिनांक 06/05/2022

प्रति,

प्राचार्य
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग

विषयः– स्नातक/स्नातकोत्तर द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम् सेमेस्टर के आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाईन करने के संबंध में।

विषयान्तर्गत सत्र 2021–22 में स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम् सेमेस्टर में अध्ययनरत नियमित छात्र–छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://durg.ucanapply.com** में दिनांक **14-05-2022** से ऑनलाईन दर्ज किया जाना है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम् सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थियों के विषय अनुसार सूची तथा आंतरिक मूल्यांकन/परीक्षा के अंक भरने हेतु **पर्ण (Foil)** के लिए निर्धारित प्रारूप विश्वविद्यालय के पोर्टल में लॉगिन कर डाउनलोड कर प्रिंटआउट प्राप्त कर लेवें।

डाउनलोड किये गये **पर्ण (Foil)** के प्रारूप में महाविद्यालय के संबंधित विषय के आंतरिक परीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन/परीक्षा के अंक भरे जाने के उपरांत विश्वविद्यालय के पोर्टल में दिनांक **25-05-2022** तक अंक ऑनलाईन दर्ज किया जाना अनिवार्य है , आंतरिक परीक्षकों द्वारा जिस शीट में ऑफलाइन अंक पेन से भरे जायेंगे, उसे पर्ण माना जायेगा एवं पोर्टल में अंक ऑनलाईन दर्ज करने के पश्चात् किये गये प्रिंट/हार्डकापी को प्रतिपर्ण माना जायेगा। आंतरिक मूल्यांकन/परीक्षा के अंक ऑनलाईन दर्ज किये बिना **पर्ण/प्रतिपर्ण** स्वीकार नहीं किया जावेगा। पोर्टल में अंक ऑनलाईन दर्ज करने के पश्चात् **पर्ण/प्रतिपर्ण** को विधिवत आंतरिक परीक्षक एवं प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कर सील बंद लिफाफे में विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में दिनांक **06-06-2022** तक अनिवार्यतः जमा किया जाना सुनिश्चित किया जायें।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

क्र. 614/गोप./2022 दुर्ग, दिनांक 06/05/2022

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति महोदया के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव महोदय के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग